# CENTRE for e-GOVERNANCE U.P.

1st Floor, UPTRON Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010

सेण्टर फॉर ई–गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश (उ.प्र. सरकार की समिति)

प्रथम तल, अपट्रॉन बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ – 226 010

फोन / फैक्स : 0522–2304706, ई–मेल : ceglko.up@gmail.com


Ref No. :सी.ई.जी./पी/9/III/14/244/17 T.C

Date : 22/6/17

सेवा में,

श्री सौरभ गुप्ता,

एस.आई.ओ., एन.आई.सी.,

उ0प्र0 एकक, योजना भवन, लखनऊ।

विषयः–ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उपलब्ध इंटीग्रेटेड सेवाओं हेतु सर्विस कोटा अलॉटमेन्ट (Service Quota Allotment) सिस्टम के गो–लाइव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उपलब्ध इंटीग्रेटेड सेवाओं हेतु सर्विस कोटा अलॉटमेन्ट सिस्टम को गो–लाइव कराया जाना है।

उक्त प्रकरण पर अवगत कराना है कि आपके द्वारा पूर्व में उक्त कोटा बेस्ड सिस्टम के विकास से सम्बन्धित तकनीकी गाईडलाइन्स सभी डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर (डी.एस.पी.) को उपलब्ध करा दी गयी थी, जिसके क्रम में वर्तमान में मेसर्स सी.एम.एस. कम्प्यूटर्स लि0, मेसर्स वयम टेक्नोलॉजीज लि0 तथा मेसर्स श्रेयी इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेन्स लि0 द्वारा उक्त सिस्टम की टेस्टिंग पूर्ण कर ली गयी है। (ईमेल पत्र की छायाप्रति संलग्न)

उक्त सर्विस कोटा अलॉटमेन्ट सिस्टम में इंटीग्रेटेड सेवाओं (खतौनी सेवा को छोड़कर) को आमजनमानस को प्रदान करने के लिए वी.एल.ई. द्वारा अपने सम्बन्धित डी.एस.पी. से अनुरोध करना होगा। तत्पश्चात डी.एस.पी. सर्वर से अनुमोदन/पुष्टि प्राप्त होने के उपरान्त ही वी.एल.ई. द्वारा अनुमोदित संख्या की इन्टीग्रेटेड सेवाओं को ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर दर्ज किया जा सकेगा।

अतः उपरोक्त के क्रम में सर्विस कोटा अलॉटमेन्ट सिस्टम (Service Quota Allotment) को मेसर्स सी.एम.एस. कम्प्यूटर्स लि0, मेसर्स वयम टेक्नोलॉजीज लि0 तथा मेसर्स श्रेयी इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेन्स लि0 हेतु ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर गो–लाइव कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। शेष डी.एस.पी. से टेस्टिंग की पुष्टि प्राप्ति के क्रम में उक्त सिस्टम को गो–लाइव भी कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक–यथोक्त।

(संजय रैना)
प्रबन्धक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव महोदय, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मे0 आई.ए.पी. कम्पनी प्रा0लि0, मे0 एस.आर.एम. शॉल्यूशन लि0, मे0 के. एण्ड डी., मे0 नेक्टॉन एवं मे0 जे.आर.एस. ट्रांसपोर्ट को इस आशय से प्रेषित कि वह सर्विस कोटा अलॉटमेन्ट सिस्टम की टेस्टिंग ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पूर्ण कर उसकी सूचना सी.ई.जी. एवं एन.आई.सी. को शीघ्रताशीघ्र उपलब्ध करायें।
3. हेड, एस.ई.एम.टी., उ0प्र0।

(संजय रैना)
प्रबन्धक